सचिका स0–7 / बजट–46–28 / 2021 – 204 (7A)

# बिहार सरकार
## स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

**शंभु शरण** भा०प्र०से०,
सरकार के अपर सचिव ।

सेवा में,

**महालेखाकार (ले0 एवं ह0),**
वीरचन्द पटेल पथ, बिहार, पटना।

द्वारा:– **आन्तरिक वित्तीय सलाहकार ।**

पटना, दिनांक– 15 / 06 / 2026

**विषयः– वित्तीय वर्ष 2018–19 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, राजवंशी नगर, पटना में 400 बेड के हड्डी रोग संबंधी विशिष्ट अस्पताल के भवन निर्माण हेतु कुल रुपये 2,15,00,00,000 / –(दो अरब पन्द्रह करोड़ रुपये) मात्र की स्वीकृत योजना के विरूद्ध वित्तीय वर्ष 2026–27 में कुल रू० 4,95,00,000 / – (चार करोड़ पंचानबे लाख रूपये) मात्र की व्यय की स्वीकृति।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभागीय स्वीकृत्यादेश सं०–1192(10), दिनांक–06.03.2019 द्वारा वित्तीय वर्ष 2018–19 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, राजवंशी नगर, पटना में 400 बेड के हड्डी रोग संबंधी विशिष्ट अस्पताल के भवन निर्माण एवं अतिरिक्त अन्य कार्य हेतु कुल रू० 2,15,00,00,000 / -- (दो अरब पन्द्रह करोड रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी। तद्क्रम में उक्त योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में उपबंधित राशि से रू० 4,95,00,000 / – (चार करोड पंचानबे लाख रूपये) मात्र व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2– इस योजना हेतु अब तक आवंटित राशि का विवरण निम्नरुपेण है–

| क्र0 सं0 | वित्तीय वर्ष | राशि (रु0 में) | व्ययादेश सं0 एवं दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | 2018–19 | 44,70,000 / – | सं0–43(10), दिनांक–11.03.2019 |
| 2 | 2022–23 | 20,00,00,000 / – | सं0–207(7), दिनांक–21.09.2022 |
| 3 | 2023–24 | 22,00,00,000 / – | सं0–483(7), दिनांक–16.02.2024 |
| 4 | 2024–25 | 10,00,00,000 / – | सं0–573(7), दिनांक–24.03.2025 |
| 5 | 2025–26 | 30,00,00,000 / – | सं0–92(7), दिनांक–19.06.2025 |
| 6 | 2025–26 | 57,67,00,000 / – | सं0–481(7), दिनांक–29.12.2025 |
| 7 | 2025–26 | 12,33,00,000 / – | सं0–102(7ए), दिनांक–05.03.2026 |
| **कुल योग–** | | **1,52,44,70,000 / –** | |

D:\KUNAL ALL DOCUMENT\Rajayadesh Public Health\2026-27\Loknayak Jaiprakash Narayan Hos doc

3– उक्त कार्य बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि०, पटना द्वारा स्वास्थ्य विभागीय राज्यादेश सं0–1192(10) दिनांक--06.03.2019 में निहित्त शर्तो के आधार पर किया जायेगा।

4– इस कार्य हेतु माग संख्या–20, मुख्य शीर्ष–4210–चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूंजीगत परिव्यय, उप मुख्य शीर्ष–01–शहरी स्वास्थ्य सेवायें, लघु शीर्ष– 051– निर्माण, उप शीर्ष–0104–शहरी क्षेत्र मे राजकीय औषधालय का निर्माण, विपत्र कोड–20-4210010510104, विषय शीर्ष– (53 01) मुख्य निर्माण कार्य अंतर्गत उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

5– इस राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना होंगे एवं नियंत्री पदाधिकारी, निदेशक प्रमुख (प्रशासन), स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना होंगे।

6– अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना बी0टी0सी0 फॉर्म–46 में तैयार विपत्र के माध्यम से राशि को नगद नहीं बल्कि खाता अंतरण के माध्यम से बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि०, पटना को उपलब्ध करायेंगे, जो उक्त राशि को पी0एल0 एकाउन्ट स0–PBBPLA007 विपत्र कोड–00-8448001110002-0001 के अन्तर्गत ledger ID-523 में जमा कर राशि का खर्च विधिवत प्रक्रिया अपनाते हुए करेंगे।

7– बिहार चिकित्सा सेवायें एव आधारभूत संरचना निगम, पटना पी०एल० एकाउन्ट का धन ऋण ज्ञापन (Plus-Minus Memoranda) तथा पी०एल० खाते में प्राप्ति का चालान एवं व्यय के सुसंगत वाउचर/उपयोगिता प्रमाण पत्र के साथ विहित प्रपत्र में ससमय कोषागार पदाधिकारी के माध्यम से महालेखाकार को प्रेषित करना सुनिश्चित करायेंगे एवं इसकी प्रति विभाग को भी उपलब्ध करायेंगे।

8-- राशि की निकासी वित्त विभाग के परिपत्र संख्या–2561 वि0(2), दिनांक–17.04.98, 8543 वि0(2), दिनांक–27.11.2007, 3758/वि०, दिनांक–31.05.2017 एवं 12888/वि०, दिनांक–03. 12.2024 के आलोक में निर्गत किया जा रहा है।

9– राशि की निकासी सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना से की जायेगी।

10– प्रस्ताव एवं प्रारूप में सचिव, स्वास्थ्य विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

11– प्रारूप में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका सं०–7/बजट--46--28/2021 के पृष्ट–..43../टि0 में प्राप्त है।

12– संबंधित प्रस्ताव में महालेखाकार से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

13– यह मात्र व्ययादेश है। आवंटन CFMS के माध्यम से निर्गत किया जायेगा।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

15.6.26

(शंभु शरण)

सरकार के अपर सचिव

D:\KUNAL ALL DOCUMENT\Rajayadesh Public Health\2026-27\Loknayak Jaiprakash Narayan Hos .doc

ज्ञापांकः—7 / बजट—46—28 / 2021 - 204 (7A) / स्वा0, पटना, दिनांक— 15 / 06 / 2026

**प्रतिलिपिः—** योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना / प्रमंडलीय आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना / कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, स्वास्थ्य भवन, शेखपुरा, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना निगम लि०, स्वास्थ्य भवन, शेखपुरा, पटना / जिला पदाधिकारी, पटना / क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, पटना प्रमंडल, पटना / असैनिक शल्य चिकित्सक—सह—मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पटना / निदेशक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, राजवंशी नगर, पटना / कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः—** माननीय मंत्री, स्वास्थ्य के आप्त सचिव / सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव / निदेशक प्रमुख (प्रशासन), स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना / अवर सचिव—सह—निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना / लेखा शाखा, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना / आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

15.6.26.

**सरकार के अपर सचिव।**

D:\KUNAL ALL DOCUMENT\Rajyadesh Public Health\2026-27\Loknayak Jaiprakash Narayan Hos.doc